This Question Paper consists of 25 questions and 12 printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में 25 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

**Roll No.** | | | | | | | | | | | | |
अनुक्रमांक

**Code No. 53/AS/3**
कोड नं.
**Set-A**

# ACCOUNTANCY
# (लेखांकन)
# (224)

**Day and Date of Examination**
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

**Signature of Invigilators** 1. ____________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. ____________________

**General Instructions :**

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

4 All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.

5 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

6 Write your Question Paper code No. **53/AS/3-A** on the Answer-Book.

7 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

**2** कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

**3** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

**4** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

**5** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

**6** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **53/AS/3-A** लिखें ।

7 (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

# ACCOUNTANCY

# (लेखांकन)

# (224)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

---

**Note :** (1) **All** questions are **compulsory**.

(2) Marks allotted for each question are indicated against it.

**निर्देश :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं।

---

**1** Out of the following which is an internal liability of a business ? **1**

(A) Bank overdraft (B) Outstanding rent

(C) Sundry Creditors (D) Capital

निम्नलिखित में से व्यवसाय की आंतरिक देयता कौन सी है ?

(A) बैंक अधिविकर्ष (B) अदत्त किराया

(C) विविध लेनदार (D) पूँजी

**2** Capital ₹ 15,000, Creditors ₹ 5,000, Net profit ₹ 4,000. Total assets will be : **1**

(A) ₹ 16,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 14,000 (D) ₹ 6,000

यदि पूँजी ₹ 15,000; लेनदार ₹ 5,000 तथा शुद्ध लाभ ₹ 4,000 हों, तो कुल संपत्तियाँ होंगी :

(A) ₹ 16,000 (B) ₹ 24,000

(C) ₹ 14,000 (D) ₹ 6,000

3 The process of transferring Journal entries to their respective ledger account is called : **1**

(A) Journalising (B) Posting

(C) Balancing (D) Casting

रोजनामचा प्रविष्टियों को खाता बही के संबंधित खातों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को कहा जाता है :

(A) रोजनामचित करना (B) खतौनी करना

(C) संतुलन करना (D) जोड़ करना

4 If original cost of a machine is ₹ 60,000 and depreciation is charged at 20% p.a. under W.D.V. method, the written down value of the machine after three years will be : **1**

(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 38,400

(C) ₹ 30,720 (D) ₹ 24,725

यदि मशीन की मूल लागत ₹ 60,000 है तथा उस पर ह्रासित शेष विधि से 20% प्र.व. की दर से अवक्षयण लगाया गया है, तो तीन वर्ष बाद मशीन का ह्रासित मूल्य होगा :

(A) ₹ 48,000 (B) ₹ 38,400

(C) ₹ 30,720 (D) ₹ 24,725

5 Closing stock appearing in the Trial Balance will be shown in : **1**

(A) Trading Account (B) Profit & Loss Account

(C) Balance Sheet (D) Both in Trading Account and Balance Sheet

तलपट में विद्यमान अंतिम रहतिए को दर्शाया जाएगा :

(A) व्यापारिक खाते में (B) लाभ–हानि खाते में

(C) तुलन–पत्र में (D) व्यापारिक खाते तथा तुलन–पत्र दोनों में

6 In Tally, which short-cut key we will use for company and company information ? **1**

(A) F1 (B) F2

(C) F3 (D) F12

कंपनी तथा कंपनी सूचना हेतु हम टैली में किस शार्ट–कट कुंजी का प्रयोग करते हैं ?

(A) F1 (B) F2

(C) F3 (D) F12

7 State any three limitations of Accounting. **3**

लेखांकन की कोई तीन सीमाएँ बताइए ।

8 Classify the following accounts into personal, real and nominal accounts : **3**

(a) Capital (b) Wages paid

(c) Building (d) Commission received

(e) Furniture (f) M/S K. P. S. Enterprises

निम्नलिखित खातों को व्यक्तिगत, वास्तविक तथा नाममात्र खातों में वर्गीकृत कीजिए :

(क) पूँजी (ख) मज़दूरी भुगतान

(ग) भवन (घ) कमीशन प्राप्त

(ङ) फर्नीचर (च) मैसर्स के. पी. एस. इंटरप्राइसेस

9 Write any three objectives of preparing Trial Balance. **3**

तलपट बनाने के कोई तीन उद्देश्य लिखिए ।

**10** From the following information, prepare Profit and Loss account of M/S. Sanat Bros. for the year ending 31-03-2015 : **3**

(a) Gross Profit ........................................................ ₹ 54,000

(b) Salaries ............................................................... ₹ 12,000

(c) Dividend received ................................................ ₹ 4,350

(d) Carriage outward .................................................. ₹ 2,000

(e) Rent and taxes ...................................................... ₹ 3,250

(f) Selling expenses ................................................... ₹ 1,000

निम्नलिखित सूचना से मैसर्स सनत ब्रदर्स का वर्ष समाप्ति 31 मार्च 2015 हेतु लाभ–हानि खाता बनाइए :

(क) सकल लाभ ........................................................ ₹ 54,000

(ख) वेतन ................................................................ ₹ 12,000

(ग) लाभांश प्राप्त ........................................................ ₹ 4,350

(घ) भाड़ा निर्गत .......................................................... ₹ 2,000

(ङ) किराया एवं कर ..................................................... ₹ 3,250

(च) विक्रय व्यय .......................................................... ₹ 1,000

**11** Write any three applications of computer in accounting. **3**

लेखांकन में कम्प्यूटर के कोई तीन अनुप्रयोग लिखिए।

**12** What is meant by 'accounting vouchers' ? Explain debit vouchers, credit vouchers and transfer vouchers in brief. **4**

'लेखांकन प्रमाणकों' से क्या अभिप्राय हैं? नाम प्रमाणक, जमा प्रमाणक तथा अंतरण प्रमाणकों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

13 What is ledger ? For what purpose ledger is to be prepared ? 4

खाता–बही क्या है? खाता–बही किस उद्देश्य से बनाई जाती है?

14 Explain the convention of conservatism and its significance. 5

रूढ़िवादिता की परिपाटी तथा इसके महत्व की व्याख्या कीजिए।

15 Classify the following assets into Current assets, Tangible assets, Intangible assets and Wasting assets : 5

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Furniture | (b) | Goodwill |
| (c) | Oil wells | (d) | Patents |
| (e) | Cash | (f) | Bills receivable |
| (g) | Plant and Machinery | (h) | Mines |
| (i) | Stock of goods | (j) | Building |

निम्नलिखित संपत्तियों को चालू संपत्तियों, मूर्त संपत्तियों, अमूर्त संपत्तियों तथा क्षयी संपत्तियों में वर्गीकृत कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | फर्नीचर | (ख) | ख्याति |
| (ग) | तेल कुएँ | (घ) | पेटेंट्स |
| (ङ) | रोकड़ | (च) | प्राप्य विपत्र |
| (छ) | संयंत्र व मशीनरी | (ज) | खानें |
| (झ) | रहतिया | (ञ) | भवन |

**16** From the following particulars prepare a Sales book in the books of M/S. Godrej Furniture House, Faridabad for the month of March 2015 : **5**

| **Date** | **Invoice No.** | **Particulars of goods sold** |
|---|---|---|
| 12-3-2015 | 0123 | Sold on credit to Shyam Traders, Cuttack |
| | | 20 Chairs @ ₹ 250 each |
| | | 20 Tables @ ₹ 500 each |
| 22-3-2015 | 0124 | Sold on credit to Banka Furniture, Kolkata |
| | | 5 Sofa Sets @ ₹ 5,000 each |
| | | 10 Almirahs @ ₹ 3,000 each |

Trade discount is offered @ 10% to each customer.

निम्नलिखित विवरणों से मैसर्स गोदरेज फर्नीचर हाउस, फरीदाबाद की पुस्तकों में मार्च 2015 माह हेतु विक्रय बही बनाइए :

| **दिनांक** | **बीजक संख्या** | **विक्रीत माल का विवरण** |
|---|---|---|
| 2015 | | |
| मार्च 12 | 0123 | श्याम ट्रेडर्स, कटक को उधार बेचा |
| | | 20 कुर्सियाँ @ ₹ 250 प्रति |
| | | 20 मेजें @ ₹ 500 प्रति |
| मार्च 22 | 0124 | बांका फर्नीचर, कोलकाता को उधार बेचा |
| | | 5 सोफासेट @ ₹ 5,000 प्रति |
| | | 10 अल्मारियाँ @ ₹ 3,000 प्रति |

प्रत्येक ग्राहक को 10% व्यापारिक बट्टा दिया जाता है।

**17** A firm purchased furniture of ₹ 60,000 on 1-7-2010 and ₹ 30,000 on 1-4-2011. On 1-7-2012 one-sixth of the first furniture was sold for ₹ 8,500. The firm charges depreciation under reducing balance method at 10% p.a. **5**

Accounts are closed on $31^{st}$ December every year. Show Furniture Account from 2010 to 2012.

एक फर्म ने 1 जुलाई 2010 को ₹ 60,000 का तथा 1 अप्रैल 2011 को ₹ 30,000 का फर्नीचर खरीदा। 1 जुलाई 2012 को पहले वाले फर्नीचर का छठवां भाग ₹ 8,500 में बेच दिया गया। यह फर्म 10% प्र.व. की दर से ह्रासित शेष विधि से अवक्षयण लगाती है। पुस्तकें प्रति वर्ष 31 दिसंबर को बंद की जाती है। 2010 से 2012 तक का फर्नीचर खाता दर्शाइए।

**18** What do you mean by Tally ? Write any four features of Tally. **5**

टैली से आपका क्या अभिप्राय है? टैली की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

**19** Distinguish between Book-keeping and Accounting. (any **four**) **6**

किन्हीं **चार** आधारों पर पुस्तपालन एवं लेखांकन में अंतर्भेद कीजिए।

**20** From the following particulars prepare a simple Cash book in the books of Anup Kumar : **6**

| | |
|---|---|
| Jan. 1, 2015 | Opening balance of cash ...................... ₹ 2,000 |
| Jan. 7, 2015 | Cash sales........................................... ₹ 15,000 |
| Jan. 12, 2015 | Paid wages ........................................... ₹ 3,000 |
| Jan. 17, 2015 | Rent received............................................ ₹ 500 |
| Jan. 22, 2015 | Purchased furniture.................................. ₹ 800 |
| Jan. 27, 2015 | Borrowed from Y ................................ ₹ 3,000 |
| Jan. 31, 2015 | Drew for personal use ............................ ₹ 200 |

निम्नलिखित विवरणों से अनूप कुमार की पुस्तकों में साधारण रोकड़ बही बनाइए :

2015

| | |
|---|---|
| जनवरी 1 | रोकड़ का प्रारंभिक शेष............................₹ 2,000 |
| जनवरी 7 | नकद बिक्री ..........................................₹ 15,000 |
| जनवरी 12 | मज़दूरी भुगतान .......................................₹ 3,000 |
| जनवरी 17 | किराया प्राप्त............................................. ₹ 500 |
| जनवरी 22 | फर्नीचर खरीदा.......................................... ₹ 800 |
| जनवरी 27 | वाई से ऋण लिया.................................... ₹ 3,000 |
| जनवरी 31 | व्यक्तिगत उपयोग हेतु आहरण ..................... ₹ 200 |

**21** From the following information ascertain the balance that would appear in the pass book of Mr. Madan as on 31-12-2014 : **6**

(a) The bank overdraft as cash book as on 31-12-2014 was ₹ 16,340.

(b) Interest on overdraft for 6 months ending 31-12-2014, ₹ 1,000 is debited in pass book.

(c) Bank charges debited in pass book were ₹ 60.

(d) Cheques issued but not yet encashed amounted to ₹ 1,250.

(e) Interest on investment collected by banker ₹ 1,000.

(f) Cheques paid into bank but not cleared ₹ 2,500.

निम्नलिखित विवरण से 31-12-2014 को श्री मदन की पासबुक का शेष ज्ञात कीजिए :

(क) 31 दिसंबर 2014 को रोकड़ बही में बैंक अधिविकर्ष ₹ 16,340

(ख) 31 दिसंबर 2014 को समाप्त छ माही हेतु अधिविकर्ष पर ब्याज ₹ 1,000 पासबुक में नामित किया गया।

(ग) पासबुक में बैंक प्रभार के ₹ 60 नामित किए गए।

(घ) ₹ 1,250 के चैक जारी किए परंतु अभी तक भुनाए नहीं गए।

(ङ) बैंक द्वारा निवेश पर ब्याज ₹ 1,000 संग्रहित किए गए।

(च) बैंक में ₹ 2,500 के चैक जमा कराए परंतु समाशोधित नहीं हुए।

**22** Pass Journal entries and prepare ledger accounts : **6**

| | | |
|---|---|---|
| Feb. 1, 2015 | Goods purchased | ₹ 11,500 |
| Feb. 7, 2015 | Goods purchased from Deepak | ₹ 2,500 |
| Feb. 10, 2015 | Deposited in the bank | ₹ 3,000 |
| Feb. 15, 2015 | Goods returned to Deepak | ₹ 200 |
| Feb. 17, 2015 | Dividend received | ₹ 750 |

रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा खाते बनाइए :

2015

| | | |
|---|---|---|
| फरवरी 1 | माल खरीदा | ₹ 11,500 |
| फरवरी 7 | दीपक से माल खरीदा | ₹ 2,500 |
| फरवरी 10 | बैंक में जमा कराए | ₹ 3,000 |
| फरवरी 15 | दीपक को माल वापस किया | ₹ 200 |
| फरवरी 17 | लाभांश प्राप्त | ₹ 750 |

23 Distinguish between provisions and reserves. (any **four**) **6**

किन्हीं **चार** आधारों पर प्रावधान एवं संचय में अंतर्भेद कीजिए।

24 What do you mean by financial statements ? State any four objectives of financial statements. **6**

वित्तीय विवरणों से आपका क्या अभिप्राय है? वित्तीय विवरणों के कोई चार उद्देश्य बताइए।

25 From the following Trial Balance prepare Trading and Profit and Loss Account and Balance Sheet for the year ended 31-12-2014. **10**

| **Debit balances** | **Amt.(₹)** | **Credit balances** | **Amt.(₹)** |
|---|---|---|---|
| Furniture | 2,640 | Capital | 10,000 |
| Motor Vehicle | 10,000 | Sales | 62,800 |
| Building | 17,360 | Creditors | 3,000 |
| Bad debt | 250 | Bank overdraft | 2,100 |
| Debtors | 5,000 | Purchase return | 250 |
| Stock (1-1-14) | 3,000 | Commission | 650 |
| Purchases | 25,380 | | |
| Sales Return | 200 | | |
| Advertising | 1,450 | | |
| Interest | 472 | | |
| Cash | 3,650 | | |
| Drawings | 400 | | |
| Insurance & Tax | 3,570 | | |
| General Expenses | 1,200 | | |
| Salaries | 4,228 | | |
| | **78,800** | | **78,800** |

Adjustments :

(a) Closing stock on 31-12-2014 was ₹ 7,600

(b) Salaries outstanding ₹ 278

(c) Insurance prepaid ₹ 70

(d) Depreciation on Motor Vehicle 10% and 5% on Furniture and Building.

निम्नलिखित तलपट से 31 दिसंबर 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष का व्यापार तथा लाभ–हानि खाता तथा उसी तिथि का तुलन–पत्र बनाइए :

| नाम शेष | ₹ | जमा शेष | ₹ |
|---|---|---|---|
| फर्नीचर | 2,640 | पूँजी | 10,000 |
| मोटर वाहन | 10,000 | विक्रय | 62,800 |
| भवन | 17,360 | लेनदार | 3,000 |
| डूबत ऋण | 250 | बैंक अधिविकर्ष | 2,100 |
| देनदार | 5,000 | क्रय वापसी | 250 |
| रहतिया (1-1-2014) | 3,000 | कमीशन | 650 |
| क्रय | 25,380 | | |
| विक्रय वापसी | 200 | | |
| विज्ञापन | 1,450 | | |
| ब्याज | 472 | | |
| रोकड़ | 3,650 | | |
| आहरण | 400 | | |
| बीमा व कर | 3,570 | | |
| सामान्य व्यय | 1,200 | | |
| वेतन | 4,228 | | |
| | **78,800** | | **78,800** |

समायोजनाएँ :

(क) 31 दिसंबर 2014 को अंतिम रहतिया ₹ 7,600 था।

(ख) अदत्त वेतन ₹ 278

(ग) पूर्व प्रदत्त बीमा ₹ 70

(घ) मोटर वाहन पर 10% तथा फर्नीचर एवं भवन पर 5% की दर से अवक्षयण लगाना है।

**OR/अथवा**

Explain the following adjustments with example and effect on final accounts :

(a) Closing Stock

(b) Prepaid Expenses

(c) Outstanding Expenses

(d) Depreciation.

निम्नलिखित समायोजनाओं को उदाहरण सहित समझाइए तथा अंतिम खातों पर इनके प्रभाव भी बताइए :

(क) अंतिम रहतिया

(ख) पूर्व प्रदत्त व्यय

(ग) अदत्त व्यय

(घ) अवक्षयण ।